<u>वी.यू. में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन</u>

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में ‘‘कृषि शिक्षा दिवस’’ कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, माननीय कुलपति जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डॉ. अरविंद सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य तथा डॉ. प्रयागदत्त जुयाल, माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि देश के राष्ट्रपति एवं प्रथम कृषि मंत्री डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के निर्देश पर ‘‘कृषि शिक्षा दिवस’’ मनाया जाता है।

इस अवसर पर डॉ. रमेश प्रताप सिंह बघेल, अधिष्ठाता महाविद्यालय ने कृषि शिक्षा दिवस कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की।

<u>कृषकों की आय को दो गुना करना है :–</u> कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बिसेन ने कहा कि वर्ष 2020 तक कृषकों की आय दो गुना करने हेतु कृषि के साथ साथ पशुपालन को बढ़ावा अवश्य देना होगा। आज हमने कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में इतनी प्रगति की है, हम दूसरे देशों को अनाज एवं दुग्ध निर्यात कर रहे है।

<u>समन्वित खेती अतिआवश्यक :–</u> कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. जुयॉल ने कहा कि कृषि के साथ–साथ पशुपालन किया जाये तो आज किसान कभी भी आत्महत्या नहीं करेगा। कृषि से आय वर्ष में दो बार से तीन बार होती है। परन्तु पशुपालन से प्रतिदिन आय होती रहेगी।

विशिष्ट अतिथि डॉ. बाकलवार ने कहा कि पशुचिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनायें है। डॉ. अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि आप ठान ले तो कुछ भी करना असंभव नहीं है।

<u>विमोचन :–</u> इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर एवं एक पत्रिका ‘‘देशी नस्ल की गायों का संक्षिप्त परिचय’’ का विमोचन किया गया।

<u>‘‘कृषि शिक्षा दिवस’’ पर आयोजित कार्यक्रम</u>

1. चित्रकला प्रतियोगिता :–		शीर्षक ‘‘पशुपालन एवं कृषि समन्वय’’
विजेता :	प्रथम –	स्मिता
	द्वितीय –	शुभी
	तृतीय –	सिद्धार्थ
2. भाषण प्रतियोगिता :–		शीर्षक ‘‘वर्ष 2020 तक कृषकों की आय को दो गुना करने हेतु पशुपालन आवश्यक’’
विजेता :	प्रथम –	अनुभूति
	द्वितीय –	पूजा
	तृतीय –	असद खान
3. वाद–विवाद प्रतियोगिता:–		शीर्षक ‘‘वर्तमान पशुपालन योजनायें कृषकों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु अनुरुप है’’
विजेता :	प्रथम –	जयंत
	द्वितीय –	प्रियांषी गुप्ता
	तृतीय –	जया

आज के कार्यक्रम में डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. बी.सी. सारखेल, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. जे.के. भरद्वाज, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. एस. नायक, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. एच.एस.सिंह, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. जी. दास, डॉ. एन.के. जैन, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. व्ही.के. भट्ट, डॉ. राखी वैष्य, डॉ. कविता रॉय, डॉ. डी.के. गुप्ता सहित समस्त प्राध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं आभार प्रदर्षन डॉ. सोना दुबे ने किया।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर